भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1452**

उत्तर देने की तारीख 13.02.2025

**जनजातीय अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान**

**1452. श्री राजकुमार रोत :**

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

**(क)** देश में इस समय कार्य कर रहे जनजातीय अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थानों का राज्यवार ब्यौरा क्या है और उनकी संख्या कितनी है;

**(ख)** विगत पांच वर्षों के दौरान जनजातीय अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर (राजस्थान) को कितनी धनराशि आबंटित की गई है;

**(ग)** उक्त निधियों का उपयोग किन-किन शीर्षों के अंतर्गत किया गया है; और

**(घ)** उक्त संस्थान द्वारा शेष धनराशि के उपयोग की स्थिति क्या है?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

**(क) :** वर्तमान में, जनजातीय कार्य मंत्रालय 'जनजातीय अनुसंधान संस्थानों (टीआरआई) को सहायता' योजना के तहत 29 जनजातीय अनुसंधान संस्थानों को वित्तपोषित कर रहा है। टीआरआई की मुख्य जिम्मेदारी ज्ञान और अनुसंधान के एक निकाय के रूप में तथा जनजातीय समुदायों, उनके समाज और संस्कृति तथा उससे संबंधित महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित जानकारी के भंडार (रिपोजिटरी) सहित जनजातीय विकास और जनजातीय लोगों की कला और संस्कृति के संरक्षण के लिए एक थिंक टैंक के रूप में कार्य करना है। टीआरआई के अंतर्गत जनजातीय संग्रहालय, पुस्तकालय, प्रशिक्षण केन्द्र, अनुसंधान विंग आदि हैं। टीआरआई ने पिछले वर्षों में विभिन्न गतिविधियां संचालित की हैं, जैसे अनुसंधान अध्ययन, मूल्यांकन अध्ययन, प्रशिक्षण/सेमिनार/कार्यशाला का आयोजन, जनजातीय मेलों और त्यौहारों का आयोजन, आधारभूत सर्वेक्षण, प्रकाशन, वृत्तचित्र/दस्तावेजीकरण, विनिमय यात्राओं का आयोजन आदि। टीआरआई की सूची **अनुलग्नक-I** पर दी गई है।

**(ख) :** जनजातीय अनुसंधान संस्थान संबंधित राज्य जनजातीय कल्याण विभाग के माध्यम से बजटीय आवश्यकता के साथ मंत्रालय को वार्षिक विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत करते हैं। राज्य

सरकार को आवश्यकता के आधार पर और सचिव, जनजातीय कार्य मंत्रालय की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च समिति की मंजूरी से निधियां स्वीकृत की जाती हैं। पिछले पाँच वर्षों के दौरान 'जनजातीय अनुसंधान संस्थानों को सहायता' के तहत जनजातीय अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर (राजस्थान) को स्वीकृत निधियां इस प्रकार है:

(लाख रुपये में)

| वित्तीय वर्ष | स्वीकृत राशि |
|---|---|
| 2023-24 | शून्य |
| 2022-23 | 120.83 |
| 2021-22 | 150.23 |
| 2020-21 | 199.80 |
| 2019-20 | 134.00 |

**(ग) से (घ) :** जैसा कि राजस्थान राज्य सरकार द्वारा सूचित किया गया है, उक्त निधि का उपयोग जिन शीर्षों के अंतर्गत किया गया है उनका विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

**अनुलग्नक-I**

**दिनांक 13.02.2025 को उत्तर हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1452 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**<u>जनजातीय अनुसंधान संस्थानों (टीआरआई) की सूची</u>**

| क्र.सं. | पता |
|---|---|
| 1 | जनजातीय अनुसंधान संस्थान, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, प्रशासन, पोर्ट ब्लेयर - 744 101 |
| 2 | जनजातीय अनुसंधान संस्थान, आंध्र प्रदेश सरकार, जनजातीय कल्याण विभाग, कंधारी होटल रोड, रेवेन्यू कॉलोनी, विजयवाड़ा- 520 010 |
| 3 | जनजातीय अनुसंधान संस्थान, सामाजिक न्याय और अधिकारिता और जनजातीय कार्य विभाग, राजीव गांधी स्टेडियम के पीछे, बी-सेक्टर नाहरलागुन, पिन: 791110, अरुणाचल प्रदेश। |
| 4 | असम जनजाति और अनुसूचित जाति अनुसंधान संस्थान, असम सरकार, जवाहरनगर, एनएच - 37, गुवाहाटी -781022 |
| 5 | जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान<br>छत्तीसगढ़ सरकार, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, सेक्टर-4, रायपुर |
| 6 | जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान,<br>गुजरात विद्यापीठ, आश्रम रोड, अहमदाबाद-380014, गुजरात |
| 7 | जनजातीय अध्ययन संस्थान<br>हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, समर हिल्स, शिमला- 171005, हिमाचल प्रदेश |
| 8 | जनजातीय कल्याण अनुसंधान संस्थान<br>झारखंड सरकार, मोराबादी रोड, रांची - 834008 |
| 9 | जनजातीय अनुसंधान संस्थान, जनजातीय कार्य निदेशालय<br>जम्मू और कश्मीर सरकार, सिविल सचिवालय, जम्मू - 180001 |
| 10 | कर्नाटक राज्य जनजातीय अनुसंधान संस्थान,<br>#सीए-3 ट्रेजरी लाओट, केरगल्ली, मैसूर - 570026 |
| 11 | केरल अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति अध्ययन, अनुसंधान प्रशिक्षण एवं विकास संस्थान, केरल सरकार, कोझिकोड - 673017 |
| 12 | जनजातीय अनुसंधान एवं विकास संस्थान,<br>मध्य प्रदेश सरकार, 35, श्यामला हिल्स, भोपाल - 462002 |
| 13 | जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान,<br>महाराष्ट्र सरकार, 28, क्वींस गार्डन, पुणे-411011 |

| | |
|---|---|
| 14 | जनजातीय अनुसंधान संस्थान,<br>मणिपुर सरकार, चिंगमेइरोंग, इंफाल - 795001 |
| 15 | अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान,<br>ओडिशा सरकार, यूनिट-VIII, सीआरपी स्क्वायर, भुवनेश्वर - 751003 |
| 16 | जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, राजस्थान सरकार,<br>अशोक नगर, पोस्ट बॉक्स नं. 86. उदयपुर-313 001 |
| 17 | जनजातीय अनुसंधान संस्थान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और कल्याण विभाग, सिक्किम सरकार, सम्य कल्याण भवन, कमरा नंबर 402, 5वां माइल, लुमसे, ताडोंग, गंगटोक-737 101 |
| 18 | जनजातीय अनुसंधान केंद्र, तमिलनाडु सरकार, एम.पलाडा (पीओ), उडगमंडलम, नीलगिरी जिला, तमिलनाडु, ऊटी -643 004 |
| 19 | टीसीआर एंड टीआई, तेलंगाना सरकार, डीएसएस भवन, मसाब टैंक, हैदराबाद-500 028 |
| 20 | जनजातीय अनुसंधान और सांस्कृतिक संस्थान, त्रिपुरा सरकार, लेकचोवेमहुई, अगरतला, पश्चिमी त्रिपुरा -799001 |
| 21 | सांस्कृतिक अनुसंधान संस्थान,<br>पश्चिम बंगाल सरकार, पी6-1/4 सीआईटी स्कीम VII-एम, वीआईपी रोड, कंकुरगाछी, कोलकाता-700054 |
| 22 | अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान,<br>उत्तर प्रदेश सरकार, भागीदारी भवन, (अंबेडकर पार्क के निकट), विपुलखंड-गोमती नगर, लखनऊ-226010 |
| 23 | जनजातीय अनुसंधान संस्थान, समाज कल्याण निदेशालय, चलत्लंग, आइजोल, मिजोरम 796012 |
| 24 | जनजातीय अनुसंधान संस्थान, समाज कल्याण निदेशालय, राजभवन के पास, कोहिमा, नागालैंड |
| 25 | जनजातीय अनुसंधान संस्थान, समाज कल्याण विभाग, उत्तराखंड सरकार, सुभाष रोड, सचिवालय, देहरादून - 248 001 |
| 26 | जनजातीय अनुसंधान संस्थान, बाबादम, वेस्ट गारो हिल्स, मेघालय |
| 27 | जनजातीय अनुसंधान संस्थान, जनजातीय कल्याण निदेशालय, 5वीं मंजिल, श्रम शक्ति भवन, पट्टो, पणजी, गोवा |
| 28. | जनजातीय अनुसंधान संस्थान, लद्दाख, करगिल कैम्पस, लद्दाख विश्वविद्यालय |
| 29. | बिहार अनुसूचित जनजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (बीएसटीआरटीआई)<br>64/40 ऑफिसर्स फ्लैट, नेहरू पथ, पटना- 800001 |

**अनुलग्नक-II**

**दिनांक 13.02.2025 को उत्तर हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1452 के भाग (ग) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | कुल (राशि रु. में) |
|---|---|---|
| 1 | टेलीमेडिसिन कार्यान्वयन-प्रभावकारिता अनुसंधान - टीआइईआर अध्ययन | 3063000 |
| 2 | गोइटर (घेंघा रोग) की व्यापकता और गोइट्रोजेनेसिस के कारण को समझने के लिए चिकित्सा मूल्यांकन और थायरॉयड परीक्षण | 2230000 |
| 3 | जनजातीय क्षेत्र में सौर ऊर्जा आधारित लिफ्ट सिंचाई परियोजना जैसी लिफ्ट सिंचाई परियोजना को पुनः सक्रिय करने के लिए मॉडल विकसित करना | 10000000 |
| 4 | टीआरआई द्वारा किए गए शोध परियोजना का डिजिटलीकरण | 1000000 |
| 5 | जनजाति प्रतिभा सम्मान समारोह | 500000 |
| 6 | आईईसी | 2000000 |
| 7 | एजेंसी के विशेषज्ञों के माध्यम से विभिन्न पोर्टलों का अद्यतीकरण | 225000 |
| 8 | टीआरआई का आधुनिकीकरण, सौंदर्यीकरण और फर्नीचर के साथ टीआरआई वीसी रूम में आईटी संकाय में सुधार | 1000000 |
| 9 | टीआरआई बहुउद्देशीय छात्रावास में आधुनिकीकरण और सुविधा में सुधार | 2500000 |
| 10 | कला प्रोत्साहन योजना | 2500000 |
| 11 | सिकल सेल बीमारी के लिए सामाजिक जागरूकता | 485000 |
| 12 | टीआरआई परिसर में आधुनिकीकरण और बेहतर सुविधा | 3500000 |
| 13 | जनजातीय मेलों एवं त्यौहारों का आयोजन एवं उनमें भागीदारी | 4000000 |
| 14 | तीन लघु फ़िल्मों का निर्माण | 1500000 |
| 15 | वीडियोग्राफी के लिए कलाकार को मानदेय एवं श्रृंगार सामग्री | 500000 |

*****